राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की प्रतिवेदन रिपोर्ट

दिनांक: 30 जुलाई 2026
समय: प्रातः 10:00 बजे
स्थान: विश्वविद्यालय चिकित्सालय, मेजर एस.डी. सिंह विश्वविद्यालय, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में दिनांक **30 जुलाई 2026** को विश्वविद्यालय चिकित्सालय, मेजर एस.डी. सिंह विश्वविद्यालय, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद में **स्वैच्छिक रक्तदान शिविर** का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मेजर एस.डी. सिंह विश्वविद्यालय द्वारा जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य

इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, मानव सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना तथा आवश्यकता पड़ने पर मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करना था। साथ ही युवाओं को यह संदेश देना कि **"रक्तदान महादान"** है तथा प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर समाज के प्रति अपना दायित्व निभाना चाहिए.

कार्यक्रम का शुभारम्भ **माननीय कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह** द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, अधिष्ठाता, विभिन्न संकायों के शिक्षक, कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान के महत्व को आत्मसात किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय समन्वयक **डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह** के मार्गदर्शन में शिविर का सफल संचालन किया गया। जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक की विशेषज्ञ टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण, रक्त संग्रहण तथा रक्तदान के उपरांत आवश्यक परामर्श निर्धारित मानकों के अनुसार प्रदान किया गया।

शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कुल **40 स्वैच्छिक रक्तदाताओं** ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को रक्तदान के स्वास्थ्य लाभों तथा समाज में इसकी उपयोगिता के विषय में भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त अनेक लोगों का जीवन बचाने में सहायक सिद्ध हो सकता है तथा प्रत्येक स्वस्थ नागरिक को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित होना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम की स्थानीय समाचार पत्रों में भी व्यापक सराहना एवं प्रकाशन हुआ।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने नियमित रक्तदान करने, दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने तथा मानव सेवा के कार्यों में सदैव सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

यह रक्तदान शिविर अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा सामाजिक सेवा एवं मानवीय मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अधिक सुदृढ़ हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को प्रभावी, अनुशासित एवं जनोपयोगी बनाया।

विवि में एनएसएस की ओर से रक्तदान शिविर

रक्तदान कर मानवता की सेवा में करें योगदान

भास्कर ब्यूरो

रक्तदान करते शिक्षक।

फर्रुखाबाद। मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से विश्वविद्यालय में संचालित चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर के उद्घाटन के उपरांत कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा रक्तदान के प्रति दिखाई गई जागरूकता तथा उत्साह की सराहना की।

शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में उप कुलसचिव मानवेन्द्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरुण कुमार शुक्ला, सहायक कुलसचिव संजय कुमार, आयुर्वेद संकाय के डीन डॉ. अम्बरीश कुमार बाथम, उप प्राचार्य डॉ. विनायक किन्नाल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. पुष्पेन्द्र यादव सहित आयुर्वेद संकाय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. अनिल कुमार, कुलसचिव डॉ. पी.एन. प्रसाद तथा वित्त अधिकारी डॉ. अमर सिंह तथा सलाहकार डॉ रंगनाथ मिश्र भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

जीवन रक्षा के लिए किया रक्तदान

रक्तदान करता छात्र, साथ में डा . अनार सिंह ● स्रोत : स्वयं

फर्रुखाबाद : मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के श्रीबाबू सिंह दद्दू जी आयुर्वेदिक चिकित्सालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा . अनार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। रक्तदान में उप कुलसचिव मानवेंद्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डा . अरुण कुमार शुक्ला, सहायक कुलसचिव संजय कुमार, आयुर्वेद संकाय के डीन डा . अम्बरीश कुमार बाथम, उप प्राचार्य डा . विनायक किन्नाल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डा . पुष्पेंद्र यादव सहित आयुर्वेद संकाय के बड़ी संख्या में छात्र– छात्राओं ने भाग लिया। कुलपति डा . अनिल कुमार, कुलसचिव डा . पीएन प्रसाद तथा वित्त अधिकारी डा . अमर सिंह तथा सलाहकार डा रंगनाथ मिश्र भी उपस्थित रहे। वि .वि .

शिविर में 40 छात्र व शिक्षक रक्तदानी बने

कमालगंज। मेजर एसडी सिंह विवि में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 40 छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया।

शिविर का उद्घाटन कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान दूसरों का जीवन बचाता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों सहित 40 लोगों ने रक्तदान किया। उप कुलसचिव मानवेन्द्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरुण कुमार शुक्ला, सहायक कुलसचिव संजय कुमार, आयुर्वेद संकाय के डीन डॉ. अम्बरीश कुमार बाथम, उप प्राचार्य डॉ. विनायक किन्नाल आदि मौजूद रहे। संवाद

हिन्दुस्तान

रक्तदान शिविर को लेकर जानकारी करते कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ।

'रक्तदान कर मानवता की सेवा में दें योगदान'

फर्रुखाबाद। मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने किया। कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा रक्तदान के प्रति दिखाई गई जागरूकता तथा उत्साह की सराहना की । मौके पर उप कुलसचिव मानवेन्द्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरुण कुमार शुक्ला, सहायक कुलसचिव संजय कुमार, आयुर्वेद संकाय के डीन डॉ. अम्बरीश कमार बाथम, उप प्राचार्य डॉ. विनायक किन्नाल रहे।

'हर स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए रक्तदान'

संवाददाता फर्रुखाबाद

● मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

शिविर में मौजूद मेजर एसडी सिंह विश्विद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह व अन्य

अमृत विचार। मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने फीता काटकर किया।

शिविर के उद्घाटन के उपरांत कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा रक्तदान के प्रति दिखाई गई जागरूकता तथा उत्साह की सराहना की। शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में उप कुलसचिव मानवेन्द्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरुण कुमार शुक्ला, सहायक कुलसचिव संजय कुमार, आयुर्वेद संकाय के डीन डॉ. अम्बरीश कुमार बाथम, उप प्राचार्य डॉ. विनायक किन्नाल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. पुष्पेन्द्र यादव सहित आयुर्वेद संकाय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कुलपति डॉ. अनिल कुमार, कुलसचिव डॉ. पी.एन. प्रसाद तथा वित्त अधिकारी डॉ. अमर सिंह तथा सलाहकार डॉ रंगनाथ मिश्र भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके इस मानवीय एवं प्रेरणादायी योगदान की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया।

Attendance

Total registered blood donors: 40.